**हादसा** — बांदकपुर में पीपल के पेड़ के नीचे बैठे थे जागेश्वर नाथ धाम के पुजारी गणेश

# पेड़ की सूखी डाल पुजारी पर गिरी, हालत गंभीर





**नवभारत,दमोह 12 अगस्त।** जिले के बांदकपुर झंडा बजार स्थित कई वर्षों पुराना पीपल वृक्ष की सूखी डाल गिर जाने से एक पुजारी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया.

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर मंदिर के पुजारी राजकुमार दुबे के छोटे भाई पुजारी गणेश उर्फ गुलू दुबे के सिर पर सूखी डाल गिरने से बुरी तरह घायल हो गए. घटना की सूचना मिलते ही बांदकपुर के लोगों का हुजूम लग गया, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए जागरूक बांदकपुर निवासी प्रखर जैन द्वारा बिना देर किए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे और उनका उपचार कराया.

### इससे पूर्व दो लोगों की गई थी जान

बता दें कि एक वर्ष पूर्व भी पेड़ की डाल गिरी थी, जिससे दो लोगों की जान गई थी, लेकिन प्रशासन इसके बाद भी नहीं जागा। बांदकपुर में ऐसे सूखे पेड़ लगे हुए हैं जो कभी भी गिर सकते हैं, लेकिन न ग्राम पंचायत बांदकपुर देखरेख करती है न ही प्रशासन इस ओर ध्यान देता है. अगर यही हाल रहे तो ऐसी घटनाएं होती रहेंगी और आम लोग दुर्घटना का शिकार होते रहेंगे.

### इनका कहना है



यह विषय गंभीर है, मैं अभी तत्काल अधिकारियों को बोलता हूं और जो सूखी डाले हैं, उन्हें छटवाता हूं.

**सुधीर कुमार कोचर,**
कलेक्टर, दमोह



100-150 सौ वर्ष पुराना यह वृक्ष है, जिसकी कुछ शाखाएं सूख जाने से खतरा बना हुआ है. मेरे ही सामने पुजारी पीपल के वृक्ष के नीचे खड़े थे. अचानक पेड़ की डाल गिरने से पुजारी बुरी तरह घायल हो गए। उन्हें तत्काल अस्पताल भिजवाया. मेरा पंचायत और मंदिर ट्रस्ट से आग्रह है कि तत्काल सूखे वृक्ष और सूखी शाखाओं को छटवाएं.

**राजकुमार दुबे,**
स्थानीय व्यापारी, बांदकपुर



मेरे ही सामने पीपल वृक्ष की डाल मंदिर पुजारी के ऊपर गिरी, जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए।

**मुन्नालाल पटेल,**
दुकान संचालक

## 2 अपराधियों पर पांच हजार का इनाम घोषित

**नवभारत,दमोह 12 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने जिले के 2 प्रकरणों में 5 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है।

पुलिस अधीक्षक ने प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये जिले के थाना जबेरा के अपराध क्रमांक 171/25 धारा 64,64(2), बीएनएस 3,4 पाक्सो एक्ट के तहत आरोपी हरिओम लोधी पर 3 हजार रूपये तथा थाना तेजगढ़ के आरोपी अंगद लोधी पर 2000 रूपये का इनाम घोषित किया है।

श्री सोमवंशी ने जानकारी दी कि उक्त प्रकरणों में जो कोई व्यक्ति, कर्मचारी व अधिकारी आरोपियों को गिरफ्तार करेगा या करायेगा या ऐसी उपयुक्त सूचना देगा, जिससे फरार आरोपियों की गिरफ्तारी संभव हो, सके ऐसे व्यक्ति को नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया जायेगा।

## बिलानी से खजरी रोड का होगा निर्माण : पटेल

**पथरिया में विभिन्न कार्यों के लिए 8 करोड़ 24 लाख से अधिक राशि स्वीकृत**



**नवभारत, दमोह 12 अगस्त।** पशुपालन व डेयरी विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने बताया दमोह जिले की पथरिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न कार्यों के लिये 8 करोड़ 24 लाख 52 हजार रूपये की राशि स्वीकृत हुई है।

राज्यमंत्री श्री पटैल ने बताया ग्राम बिलानी से खजरी रोड निर्माण के लिये 3 करोड़ 31 लाख रूपये क्रियान्वयन एजेंसी मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के लिये तथा शासकीय विद्यालयों तथा अन्य कार्यो के लिये 4 करोड़ 93 लाख 52 हजार रूपये की राशि सिविल कार्य, कूलर, ग्रीन बोर्ड एवं कैमरा की प्रस्तावित लागत तथा विद्यार्थी तथा शिक्षक हेतु फर्नीचर इन्टरैक्टिव पैनल के लिये राशि स्वीकृत की गई है।

### स्कूलों का भी होगा उन्नयन

उन्होंने बताया शासकीय गर्ल्स हाई सेकेण्ड्री स्कूल पथरिया के लिये 92.82 लाख, हाई सेकेण्ड्री स्कूल खड़ेरी के लिये 92.82 लाख, उत्कृष्ट विद्यालय पथरिया के लिये 92.82 लाख, हाई सेकेण्ड्री स्कूल बरतलाई के लिये 98.06 लाख, हाई स्कूल बांसाकला के लिये 63.09 लाख, हाई सेकेण्ड्री स्कूल भिलौनी के लिये 53.01 लाख रूपये स्वीकृत किये गये है।

## तिरंगा एकता व सम्मान का प्रतीक : लोधी

**तिरंगा यात्रा में राज्यमंत्री, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल हुईं**



**नवभारत,तेंदूखेड़ा 12 अगस्त।** नगर में भाजपा युवा मोर्चा तेन्दूखेड़ा मण्डल अध्यक्ष शुभम जैन के नेतृत्व में आयोजित तिरंगा यात्रा में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी की उपस्थिति में निकाली गई।

इस अवसर पर देशभक्ति की भावना और राष्ट्रीय वीरों के पराक्रम को समर्पित इस तिरंगा यात्रा में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। इस अवसर पर राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा कि तिरंगा सिर्फ एक ध्वज नहीं, यह हमारी एकता, सम्मान और गर्व का अमर प्रतीक है. इसकी शान हमेशा ऊंची रखना हम सभी का कर्तव्य है.ऑपरेशन सिंदूर की विजय को समर्पित व आजादी के पर्व पर इस तिरंगा यात्रा में मप्र शासन के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व जबेरा विधानसभा के विधायक धर्मेन्द्र सिंह लोधी के मुख्य रूप से सम्मिलित होकर सभी में ऊर्जा का संचार किया.

**इनकी रही उपस्थिति-** इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष सुरेशचंद्र जैन,उपाध्यक्ष लक्ष्मी नामदेव, सांसद प्रतिनिधि ठा. मूरत सिंह, जिला मंत्री भाजपा रश्मि साहू, अनीता सिंह ,पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. परम सिंह, गोविंद यादव, विवेक जैन, मंडल महामंत्री राजीव जैन, नीतू साहू, रमेश तिवारी, जैन समाज अध्यक्ष भागचंद जैन, चेतन जैन, राजकुमार ठाकुर, गुड्डु दुबे ,सत्यम जैन, हर्ष प्रताप राजपूत, तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी मौजूद रहे।

## 4500 छात्र-छात्राओं ने बनाई मानव श्रृंखला

**तिरंगा हाथ में लिए लगाए देशभक्ति के नारे**





**नवभारत,दमोह 12 अगस्त।** नगर के 12 स्कूलों में जेपीबी, एमएलबी, उत्कृष्ट विद्यालय, रामकुमार स्कूल, सीएम राइस मॉडल स्कूल, नवजागृति स्कूल, मिशन स्कूल,सशिमं, केन कॉलेज, पीजी कॉलेज के लगभग 4500 छात्र-छात्राओं ने अपनी-अपनी शालाओं में एकत्रित होकर जोश, उमंग, जुनून के साथ, तिरंगा झंडा हाथ में लिए गर्म जोशी के साथ नारे लगाते हुए मानव श्रृंखला बनाई है।

जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, गोपाल पटैल, नगर पालिका के ब्रांड एम्बेसडर हरीश पटैल, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे,जिला शिक्षा अधिकारी नेमा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने मानव श्रृंखला के जज्बे को देखा और देश के प्रति इस श्रद्धा को देखकर उनकी प्रशंसा की।

**विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा : पटेल-** जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे और समस्त शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### एक नजर में



#### हाथों में तिरंगा लिए दिया देशभक्ति का संदेश

**नवभारत,मड़ियादो 12 अगस्त।** जिले की उप तहसील मुख्यालय मड़ियादो में मंगलवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। गाजे बाजे के साथ यह तिरंगा यात्रा बस स्टैंड से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गो से होकर वापस बस स्टैंड पहुंची। तिरंगा यात्रा में हाईस्कूल मड़ियादो के सैकड़ों छात्र-छात्राओं के साथ जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और क्षेत्रवासियों ने भाग लिया और हाथों में तिरंगा थामकर देशभक्ति का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा में स्कूल प्राचार्य, शिक्षकों, मड़ियादो पुलिस स्टाफके अलावा कमलेश चौदह, अभिषेक जैन, विष्णु सोनी, कैलाश बसन्त अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता, देवेंद्र तिवारी, मनोज मिश्रा, मिथुन अहिरवार, रामकरण अहिरवार, हेतराम पटेल, गुड्डा राजा आदि मौजूद थे।



#### मादौ में छात्र-छात्राओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

जिले के ग्राम पंचायत मादौ में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिंरगा यात्रा के आयोजन में ग्राम मादौ के नवयुवकों का विशेष सहयोग रहा। पंचायत परिवार द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

#### पटेरा की तिरंगा यात्रा में विधायक हुईं शामिल

जनपद पंचायत पटेरा में बड़े धूमधाम से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया. इस यात्रा में सभी सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राएं, नगर परिषद के पार्षद, कर्मचारी तथा पुलिस स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. तिरंगा यात्रा में विशेष रूप से विधायक उमा देवी खटीक, नायब तहसीलदार मानसी अग्रवाल, थाना प्रभारी सरोज ठाकुर भी शामिल हुईं. उन्होंने नगरवासियों के साथ पूरे पटेरा नगर का भ्रमण किया और तिरंगा यात्रा को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. देशभक्ति के नारों और झंडा लहराते बच्चों के जोश ने पूरे नगर में उत्सव का माहौल बना दिया.



#### संगीता पंड्या का निधन



**नवभारत,दमोह 12 अगस्त।** एसपीएम नगर निवासी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सेवानिवृत्त अधिकारी प्रवीण पंड्या की पत्नी संगीता पंड्या का बिलासपुर में देहावसान हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार 13 अगस्त को प्रात: 10 बजे सुरेका कालोनी स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

## मांगें नहीं मानी तो करेंगे उग्र आंदोलन

**जिले में किसान मित्र दीदियों की बैठक में लिया गया निर्णय**



**नवभारत,दमोह 12 अगस्त।** किसान मित्र दीदियों ने एक बैठक आयोजित कर निर्णय लिया, यदि सरकार हमारी मांग नहीं मानती, तो 15 दिवस के अंदर उग्र आंदोलन भोपाल में करने की तैयारी मंत्री लखन पटेल के कार्यालय में ज्ञापन देने उपरांत शुरू कर दी है. मंत्री के भाई अशोक पटेल ने किसान मित्रों की मांग को शीघ्र मंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया.

इसके बाद कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया. ज्ञापन में अपनी मांगों से अवगत कराया. कलेक्टर ने कहा कि आप लोगों की मांग काफी समय से चल रही है, शीघ्र आपकी बात मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन कलेक्टर ने उपस्थित किसान मित्र दीदियों को दिया।

**इनकी रही उपस्थिति-** इस दौरान प्रताप पटेल प्रदेश संगठन मंत्री, प्रहलाद यादव जिला संगठन, पदाधिकारी लक्ष्मीनारायण, भारत सिंह लोधी, कृष्ण गोपाल दुबे, हीरा पटेल ब्लॉक अध्यक्ष, उमेश पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष हटा संतोष लोधी, नरेन्द्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष पटेरा भगवत सिंह लोधी, ब्लॉक अध्यक्ष जबेरा संतोष विश्वकर्मा, ओंकार पटेल, हेमराज अहिवाल, सुंदर पटेल, सुषमा सिंह ,कविता अहिरवार, सीता रानी कुर्मी, सुशीला रानी आद उपस्थित रहे।



## 1098 किसानों को 2100 बोरी खाद वितरित

**नवभारत,तेंदूखेड़ा 12 अगस्त।** नगर के डबल लॉक खाद गोदाम में प्रशासन की दूरदर्शिता के चलते मंगलवार को शांति पूर्ण तरीके से 1098 किसानों जो 2100 बोरी यूरिया खादवितरित की गई.इसका कारण सोमवार को प्रशासन द्वारा किसानों को खाद की पर्ची बांटना रहा. इस संबंध एसडीएम सौरभ गंधर्व ने जानकारी देते हुए बताया कि तेंदूखेड़ में 2100 बोरी खाद 1098 किसानों को और जबेरा में 2800 बोरी खाद 1400 किसानों को शांति पूर्ण तरीके शांतिपूर्ण तरीके से वितरित की गई. बोरिया खाद की कोई समस्या नहीं है, स्टॉक में पर्याप्त खाद मौजूद है.

## नियाज उपाध्यक्ष व फरीद बने महामंत्री

**नवभारत,दमोह 12 अगस्त।** विजय शर्मा जिला अध्यक्ष मप्र शासकीय वाहन चालक यांत्रिक संघ ने मप्र शासकीय वाहन चालक यांत्रिक कर्मचारी संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष नियाज व फरीद खान को प्रांतीय उपाध्यक्ष व प्रांतीय महामंत्री बनने पर बधाई दी। जिला शाखा दमोह की ओर से साबिर खान का आभार व्यक्त किया हैं।

## हनुमत विद्यापीठ में हुआ सुन्दरकाण्ड पाठ

**नवभारत,दमोह 12 अगस्त।** हनुमत विद्यापीठ पंचमुखी हनुमान मंदिर सिविल वार्ड नं.2 में सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निशांत मलैया, अध्यक्षता देवेंद्र पांडे ने की। विशिष्ट अतिथि श्रीराम तिवारी रहे। इस अवसर पर पुजारी हेमंत पाठक, रामेश्वर गोस्वामी, नरेंद्र तिवारी, मुकेश पाठक,अनिकेत शर्मा, राधे महराज, विकाश पांडे, अजय गर्ग, गोलू चौरसिया, कमलेश चौरसिया, गीतेश अठया, सुन्दरकाण्ड करता सुमित दुबे, ओम पटेल, आदि कि उपस्थिति रही।



## 128 पाव देशी शराब की गई जब्त

**नवभारत,दमोह 12 अगस्त।** आबकारी विभाग द्वारा 5 अगस्त को अवैध मदिरा विक्रय, संग्रहण, परिवहन और उपभोग के विरुद्ध कार्यवाही की गई। थाना कुम्हारी के ग्राम धनगुंआ में स्थित दुकान से आरोपी भीम लोधी के कब्जे से 17 पाव एवं पटेरा के देवडोंगरा में अज्ञात आरोपी के कब्जे से 25 पाव मदिरा एवं थाना पथरिया के ग्राम सेमरा में हरगोविंद पटेल से 22 पाव देशी मदिरा, रजवांस रोड में राघवेन्द्र सिंह से 15 पाव देशी मदिरा ,ग्राम सतपारा में मुकेश राय से 26 पाव देशी मदिरा एवं आरती अहिरवार से 23 पाव मसाला देशी मदिरा बरामद की गई। नियमानुसार कार्यवाही करते हुए 6 प्रकरण आबकारी एक्ट के तहत पंजीबद्ध किए गए।

**घेराव** — गांव की सैंकड़ों महिलाओं, पुरुषों व बच्चों ने पथरिया अनुविभागीय कार्यालय में किया प्रदर्शन

## अवैध शराब बंद कराने किन्द्रहो के ग्रामीणों ने खोला मोर्चा



**नवभारत,पथरिया 12 अगस्त।** पथरिया के ग्राम किन्द्रहो से एक आश्चर्यचकित कर देने वाला मामला सामने आया, जिसमें गांव की सैंकड़ों महिलाओं, पुरुषों व बच्चों ने अवैध शराब बंद कराने मोर्चा खोला। गांव के समस्त लोग एकत्रित होकर प्रदर्शन किया और पथरिया अनुविभागीय दफ्तर पहुंचे और अवैध शराब से हो रहे दुष्परिणामों के बारे में एसडीएम निकेत चौरसिया से शिकायत की और ज्ञापन सौंपा।

इन सभी ग्रामीणों में से एक महिला ने बताया कि उनके पति शराब पीकर रोजाना घर में मारपीट करते हैं। नशे की हालत में समस्त परिवार को अस्त व्यस्त कर रखा है। न किसी को खाने देते हैं न खुद खाते हैं। बना बनाया भोजन घर से बाहर फेंक देते हैं, जिससे मेरे बच्चे और घर के बुजुर्ग बहुत परेशान है। वहीं, दूसरी तरफ ग्रामीणों ने बताया कि किन्दराहो गांव में शराब माफिया ने अपने हाथ इस तरह पसार लिए है कि घर घर जाकर थैलियों से शराब पहुंचाने का कार्य करते हैं, जिससे गांव में छोटे छोटे बचे भी शराब के आदि हो चुके है।

### शराब से युवा सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे

कई लोगों ने तो शराब माफिओं पर आरोप लगाते हुए कहा, गांव के अंदर शराब बिकने से युवा वर्ग एवं महिलाओं पर सबसे ज्यादा असर है। जैसे सड़क दुर्घटना में लोगों की जान जाना तो कई लोग शराब के नशे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेते हैं, परंतु इन अवैध शराब बेचने वालों पर इन घटनाओं का जरा भी असर नहीं है। इस संपूर्ण विषय को जान ने के लिए जब जिला आबकारी अधिकारी रवेंद्र खरे को फोन लगाया गया तो हमेशा की तरह उनके द्वारा इस बार भी फोन उठाना जरूरी नहीं समझा गया।

### पुलिस प्रशासन शराब माफिया पर हैं मेहरबान

ग्रामीणों ने एस डी एम एवं थाना प्रभारी के सामने ही आरोप लगाते हुए कहा कि पथरिया पुलिस का ही इन अवैध शराब माफिया को संरक्षण प्राप्त है, जिस वजह से गांव में धड़ल्ले से घर घर जाकर शराब बेची जा रही है। अगर कभी शिकायत पर शराब पकड़ी भी जाती है तो पुलिस द्वारा पैसे लेकर मामला रफा-दफा कर दिया जाता है, जिससे इनके हौसले और भी बुलंद होते जा रहे है।

### इनका कहना है

इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा अवैध शराब बेचे जाने पर एक ज्ञापन दिया है। इसकी जानकारी थाना प्रभारी पथरिया एवं आबकारी अधिकारी को दी जा चुकी है। उन्हें निर्देशित किया गया कि इस मामले को संज्ञान में लेकर जांच कराएं व संबंधित के खिलाफ कार्यवाही करें।

**निकेत चौरसिया,**
अनुविभागीय अधिकारी, पथरिया


### नाम सुधार सूचना

मैं शपथकर्ता गोविन्द यादव उम्र 34 वर्ष, जाति यादव, आत्मज डाल सींग यादव निवासी ग्राम चोपरा खुर्द तह. दमोह जिला दमोह शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता/ करती हूं :-

1. यह कि पुत्री का जन्म जिला चिकित्सालय दमोह में दिनांक 24/11/2022 का हुआ था, जिसके जन्म प्रमाण पत्र में घर का नाम भूलवश श्रीयादव नाम दर्ज हो गया था। व इसी नाम से मेरी पुत्री का आधार बन गया हैं, जिसका क्रमांक 5563 1427 5469 है।
2. यह कि मैंने अपनी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में नाम का संशोधन करा लिया है। जिसके बाद मेरी पुत्री का नाम यादवी यादव दर्ज हो गया हैं। व इसी नाम से आधार कार्ड में संशोधन कराना चाहता हूं
3. यह कि श्री यादव उर्फ यादवी यादव मेरी एक की पुत्री के दो नाम हैं।
4. यह कि मैं अपनी पुत्री के आधार कार्ड में संशोधित जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज नाम यादवी यादव पिता गोविन्द यादव माता प्रीति यादव जन्म दिनांक 24/11/2022 पता ग्राम चौपरा खुर्द दमोह (म.प्र.) 470661 दर्ज कराना चाहता हूं। इस संबंध में शपथ पत्र पेश है

शपथकर्ता